भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2815
10 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

अंतर्देशीय मात्स्यिकी

2815. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तेलंगाना में अंतर्देशीय मात्स्यिकी संभाव्यता, विशेषकर हाल ही में विकसित सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत विकसित बड़े जलाशयों, सिंचाई तालाबों और जल निकायों में मात्स्यिकी की क्षमता का कोई व्यापक आकलन किया है;
(ख) क्या सरकार का प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत तेलंगाना में एकीकृत अंतर्देशीय मात्स्यिकी क्लस्टर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत राज्य में घटक वार कुल कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई है;
(घ) क्या सरकार का राज्य में हैचरी, फीड मिलों, शीतागारों, मछली प्रसंस्करण इकाइयों और निर्यात सुविधा केन्द्रों सहित मूल्य श्रृंखला अवसंरचना को सहायता प्रदान करने का विचार है; और
(ङ) क्या राज्य में मछुआरों की आय में वृद्धि करने के लिए केज कल्चर, सजावटी मत्स्य पालन, महिला स्व-सहायता समूह की भागीदारी और डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफार्मों को बढ़ावा देने के लिए किन्हीं विशेष उपायों पर विचार किया जा रहा है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह

(क): तेलंगाना सरकार ने सूचित किया है कि राज्य में अंतर्देशीय मात्स्यिकी संसाधनों पर एक आधारभूत अध्ययन कृषि वित्त निगम लिमिटेड, मुंबई द्वारा 2018 में किया गया था।

(ख): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार, प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत विभिन्न उपक्षेत्रों में 34 उत्पादन और प्रसंस्करण समूहों के माध्यम से मात्स्यिकी और जलकृषि के एकीकृत विकास को बढ़ावा दे रहा है, जिसमें तेलंगाना भी शामिल है। मंचेरियल जिले में एक मुर्रेल क्लस्टर अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा, PMMSY के अंतर्गत 250 लाख रुपए की लागत से तेलंगाना के मंचेरियल जिले में मुर्रेल के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सलेन्स) स्थापित करने की परियोजना को स्वीकृति दी गई है।

(ग): PMMSY को 2020-21 से तेलंगाना सहित सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यान्वित किया गया है। योजना के अंतर्गत, मत्स्यपालन विभाग ने तेलंगाना सरकार के 347.20 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है, जिसमें केंद्रीय शेयर 109.91 करोड़ रुपए है। इसमें से, उपयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्य को 39.96 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। अनुमोदन का घटकवार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(घ): PMMSY के अंतर्गत, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने वैल्यू चैन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सहायता सहित कई गतिविधियों को स्वीकृति दी है, जिसमें शामिल हैं (i) हैचरी की 21 इकाइयां, (ii) फीड मिल की 2 इकाइयां, (iii) लाइव फिश वेंडिंग केंद्रों की 2 इकाइयां, (iv) फिश वेंडिंग के लिए ई-रिक्शा सहित आइस बॉक्स के साथ थ्री वीलर वाहनों की 275 इकाइयां, (v) आइसबॉक्स के साथ मोटर साइकिल की 500 इकाइयां, और (vi) मत्स्य प्रसंस्करण इकाई और निर्यात सुविधा के लिए हैदराबाद में अत्याधुनिक होल सेल फिश मार्केट। विभाग ने राज्य को इस तरह की सहायता के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दे दी है जैसा कि (ग) में संदर्भित अनुबंध-I में उल्लिखित किया गया है।

(ङ): मत्स्यपालन विभाग ने PMMSY के अंतर्गत जलाशयों में 89 केज-कल्चर इकाइयों को स्वीकृति दी है। तेलंगाना सरकार ने यह भी सूचित किया है कि मत्स्य विपणन के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को 238 मोबाइल फिश रीटेल यूनिट्स प्रदान की गई हैं। इसके अलावा, तेलंगाना में 2,17,192 मछुआरों और मत्स्य किसानों को नेशनल फिशरीज़ डिजिटल प्लेटफॉर्म (NFDP) पर पंजीकृत किया गया है।

*****

अनुबंध-I

अन्तर्देशीय मात्स्यिकी' के संबंध में 10 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2815 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(रुपए लाख में)

क्र.सं	**घटकों के नाम**	**इकाइयाँ/हेक॰**	**कुल परियोजना लागत**	**केन्द्रीय शेयर**
(i)	**(ii)**	**(iii)**	**iv**	**(v)**
1	नई फ्रेशवॉटर फिनफिश हैचरी की स्थापना	21	525.00	168.00
2	नए ग्रो-आउट तालाबों का निर्माण	823.68	5765.76	1740.27
3	फ्रेशवॉटर वॉटर एक्वाकल्चर के लिए इनपुट	759.86	3039.44	912.13
4.	जलाशयों में फिंगरलिंग्स का भण्डारण	140053.2	16096.00	3951.92
5.	मध्यम RAS की स्थापना (न्यूनतम 30m3/टैंक क्षमता 10 टन/क्रॉप के साथ 6 टैंक)	6	150	48
6.	बड़े RAS की स्थापना (न्यूनतम 90m^3/टैंक क्षमता 40 टन/क्रॉप के साथ 8 टैंक)	5	250	78
7.	जलाशयों में केज की स्थापना	89	267	64.08
8.	इंसुलेटेड वाहन	6	120	40.8
9.	मत्स्य विक्रय के लिए ई-रिक्शा सहित आइस बॉक्स के साथ तिपहिया वाहन	275	825.2	268.2
10.	फिश कियोस्क का निर्माण	185	1840	576
11.	उत्पादन क्षमता 2 टन/दिन की मिनी फीड मिल	2	60	18
12.	लाइव फिश वेंडिंग सेंटर	2	40	14.4
13.	आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल	500	375	108
14	सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के लिए आजीविका और पोषण सहायता	970	43.65	14.55
15.	पारंपरिक फिशिंग वेसेल्स के मछुआरों को सुरक्षा किट प्रदान करने के लिए समर्थन	350	350	96
16.	पारंपरिक मछुआरों को बोट और नेट उपलब्ध कराना	52	260	71.4
17.	हैदराबाद में अत्याधुनिक होल सेल फिश मार्केट	1	4703.52	2822.11

****